मेरा शहर
www.naidunia.com

जबलपुर @ सोशल मीडिया

भारत को पड़ोसी देशों से मिल रही चुनौतियों के बीच इसराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार को भारत से दुनिया की एक बड़ी ताकत बनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शक्तिशाली देश ही सर्वाइव कर पाता है, कमजोर नहीं। इसके लिए आपको मजबूत देशों के साथ गठबंधन करना होता है। आप मजबूत होकर ही शांति बरकरार रखने की स्थिति में पहुंच सकते हैं। उनके इस बयान की सोशल मीडिया में भी चर्चा रही। लोगों का कहना है कि एक छोटे से देश इसराइल के पीएम का इतना उच्च बौद्धिक स्तर है तभी तो यह देश इतना आगे है। नेतन्याहू का बयान सटीक और सराहनीय है।

न्यूज गैलरी

स्पाइस जेट की फ्लाइट भी 11 फरवरी से कोलकाता जाएगी

जबलपुर। शहरवासियों को कोलकाता जाने और आने के लिए अब एक और फ्लाइट मिलेगी। स्पाइसजेट एयरलाइंस ने 11 फरवरी से जबलपुर से कोलकाता रूट पर 70 सीटर विमान संचालित करने का निर्णय लिया है। कंपनी प्रबंधन के अनुसार जबलपुर कोलकाता उड़ान शुरू करने संबंधी औपचारिकताएं पूर्ण की जा रही हैं। इसमें स्थानीय एयरपोर्ट अथारिटी ने शेड्यूल के अनुसार स्लॉट के लिए आवेदन दिया है। स्पाइसजेट की यह उड़ान दोपहर में जबलपुर आकर कोलकाता जाएगी। अभी जूम एयरलाइंस की फ्लाइट चल रही है। जूम एयरलाइंस 50 सीटर विमान चला रहा था। स्पाइसजेट की नई उड़ान शुरू होने से दोनों कंपनियों में प्रतियोगिता होने से फ्लायर्स को फायदा होगा।

जबलपुर से आज रवाना होने वाली गरीब रथ रद्द

जबलपुर। रेलवे ने बुधवार को जबलपुर से मुम्बई जाने वाली 12187 गरीब रथ को रद्द कर दिया है। कल्याण से कसारा रेल खंड पर ट्रैफिक ब्लॉक होने की वजह से यह निर्णय लिया गया। वहीं 18 जनवरी को मुंबई से जबलपुर के लिए रवाना होने वाली 12188 गरीब रथ को भी रद्द किया गया है। इधर बिलासपुर रेल जोन में भी सलकारोड से अनूपपुर के बीच रेल लाइन का दोहरीकरण किया जा रहा है। इसलिए 22 से 27 जनवरी के बीच 22 ट्रेनों में कई के रूट बदले हैं तो कई ट्रेनों को रद्द किया गया है। जानकारी के मुताबिक 18233 इंदौर-बिलासपुर और 18234 बिलासपुर-इंदौर को रद्द किया गया है। इनमें 23 से 25 के बीच बिलासपुर से ट्रेन रद्द की गई है और 22 से 24 के बीच इंदौर से ट्रेन को रद्द किया गया है। वहीं 26 जनवरी को बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस को आंशिक तौर पर रद्द किया गया है। यह ट्रेन 26 को बिलासपुर से कटनी के बीच नहीं चलेगी। इसे कटनी स्टेशन से इंदौर के लिए रवाना किया जाएगा। इसके अलावा जबलपुर से संतरागाछी के लिए रवाना होने वाली 02191 को जबलपुर से 24 जनवरी को रद्द किया गया है।

जबलपुर से इटारसी और कटनी से बीना तक 532 किमी में विद्युतीकरण का काम पूरा, 603 किमी में बाकी

2020 तक करंट से दौड़ेंगी 110 ट्रेन, सफर में बचेंगे 27 घंटे

जबलपुर। नईदुनिया प्रतिनिधि

पैसेंजर ट्रेनों को डीजल की बजाय विद्युत इंजन से दौड़ाने रेलवे द्वारा तेजी से विद्युतीकरण का काम किया जा रहा है। इसका सीधा असर ट्रेन के सफर में लगने वाले समय पर होगा। विद्युत इंजन लगने के बाद ट्रेनों की स्पीड तो बढ़ेगी ही, इंजन बदलने का समय भी बचेगा। जबलपुर से 24 घंटे में तकरीबन 110 ट्रेनें गुजरती हैं। इन सभी ट्रेनों के इटारसी, कटनी और मानिकपुर में इंजन बदले जाते हैं। एक ट्रेन का इंजन बदलने में रेलवे को औसतन 15 मिनट का समय लगता है। विद्युत इंजन लगने के बाद इन ट्रेनों में इंजन बदलने का काम पूरी तरह से बंद हो जाएगा। 2020 तक जबलपुर मंडल के 1135 किमी रूट का विद्युतीकरण हो जाने पर ट्रेनों के सफर में तकरीबन 27 घंटे कम हो जाएंगे।

603 किमी लंबे रेल रूट का विद्युतीकरण शुरू

जबलपुर रेल मंडल में तकरीबन 1135 किमी का रूट है। अभी इटारसी-जबलपुर और कटनी-बीना रेल रूट का ही विद्युतीकरण हो पाया है। कटनी-सिंगरौली, रीवा-सतना और जबलपुर-मनिकपुर रेल रूट के विद्युतीकरण का काम बाकी है। रेलवे के विद्युत विभाग ने इसका काम तेजी से शुरू कर दिया है और 2020 तक जबलपुर मंडल के पूरे रेल रूट का विद्युतीकरण कर विद्युत इंजन दौड़ना शुरू हो जाएंगे। हालांकि जबलपुर से कटनी रेल रूट का मार्च 2018 तक और कटनी से सतना रेल रूट का सितम्बर 2018 तक विद्युतीकरण कर लिया जाएगा।



जबलपुर से मानिकपुर 198 किमी और कटनी से सिंगरौली 261 किमी में भी विद्युतीकरण का काम शुरू

जबलपुर से मुंबई जाने वाली ट्रेनें

- जबलपुर से रवाना होने वाली ट्रेनों में डीजल इंजन लगाकर इटारसी तक ले जाया जाता है।
- यहां पर 20 से 25 मिनट तक ट्रेन को रोककर विद्युत इंजन लगाया जाता है।
- इटारसी से मुंबई के बीच जिस रेल रूट का विद्युतीकरण नहीं है वहां डीजल इंजन लगाते हैं।
- जबलपुर से मुम्बई तक के सफर में 60 से 80 मिनट इंजन बदलने में चले जाते हैं।
- विद्युतीकरण के बाद ट्रेन में इंजन बदलने की जरूरत नहीं होगी।
- मुंबई का समय 16 घंटे की बजाए 14 घंटे 40 मिनट तक हो जाएगा।

जबलपुर से दिल्ली जाने वाली ट्रेनें

- जबलपुर से डीजल इंजन से ट्रेन को कटनी तक ले जाया जाता है।
- कटनी में डीजल की जगह विद्युत इंजन लगाकर बीना तक ले जाते हैं।
- विद्युतीकरण के बाद जबलपुर से बिना इंजन बदले दिल्ली तक ट्रेन जाएंगी।
- इनमें लगने वाला 60 से 70 मिनट का समय बचेगा। यानी 14 घंटे की बजाए 12 घंटे 50 मिनट में सफर पूरा हो जाएगा।

पैसेंजर को फायदा

- ट्रेन के सफर का समय कम होगा।
- ट्रेन की रफ्तार 10 से 20 किमी तक बढ़ेगी।
- इंजन फेल होने की घटनाएं 60 फीसदी कम होंगी।
- डीजल से होने वाला प्रदूषण नहीं होगा।

इन तीन जंक्शन में बदलते हैं 250 से ज्यादा इंजन

इटारसी जंक्शन

- 24 घंटे में 130 ट्रेनों के इंजन बदलते हैं। यहां से भोपाल, मुंबई, नागपुर और जबलपुर की ट्रेन आती-जाती हैं।
- महाराष्ट्र, दिल्ली, पंजाब समेत 24 राज्यों की ट्रेन गुजरती हैं।

कटनी जंक्शन

- 24 घंटे में तकरीबन 125 ट्रेनों के इंजन बदलते हैं।
- इस स्टेशन से दमोह, सिंगरौली, मानिकपुर, शहडोल और जबलपुर की ओर की ट्रेन गुजरती हैं।

मनिकपुर जंक्शन

- 24 घंटे में 60 से 70 ट्रेन गुजरती हैं।
- 40 से 45 ट्रेनों के इंजन बदले जाते हैं।
- ग्वालियर, बिहार, झारखंड, प. बंगाल, उप्र की ट्रेन गुजरती हैं।

आज जबलपुर से नरसिंहपुर तक विद्युतीकरण का निरीक्षण करेंगे सीआरएस

जबलपुर। जबलपुर से पिपरिया के बीच विद्युतीकरण का काम पूरा हो गया है। बुधवार को कमिश्नर रेल सेफ्टी (सीआरएस) जबलपुर से नरसिंहपुर के बीच विद्युतीकरण का निरीक्षण करेंगे। गुरुवार को नरसिंहपुर से पिपरिया के बीच निरीक्षण होगा। इसके बाद सीआरएस स्पेशल ट्रेन विद्युत इंजन के साथ पिपरिया से जबलपुर तक दौड़ेगी।

आज का कार्यक्रम

- जबलपुर स्टेशन से सुबह 9.35 पर सीआरएस स्पेशल रवाना होगी।
- श्रीधाम स्टेशन में दोपहर 1.30 से 2.00 बजे तक लंच।
- श्रीधाम स्टेशन से दोपहर 2.00 बजे नरसिंहपुर के लिए रवाना होंगे।
- दोपहर 2.00 बजे से शाम 5.10 तक जांच टीम का निरीक्षण।
- शाम 5.30 बजे नरसिंहपुर से सीआरएस स्पेशल जबलपुर के लिए रवाना होगी।

कल का कार्यक्रम

- सुबह साढ़े 9 बजे सीआरएस निरीक्षण जबलपुर से नरसिंहपुर के लिए रवाना होगी।
- सुबह 10.45 से दोपहर 1.30 तक नरसिंहपुर से गाडरवारा के बीच निरीक्षण होगा।
- दोपहर 2 बजे से शाम 4.55 तक गाडरवारा से पिपरिया के बीच निरीक्षण होगा।
- शाम 5.15 बजे पिपरिया से जबलपुर के लिए रवाना होगी सीआरएस स्पेशल।

Copyright Jagran.com

Resonance®
Educating for better tomorrow
JABALPUR STUDY CENTRE
WHERE Inspiration WORKS
For those who believe in arriving early at their success.

Academic Benefits*
• More than 800 Academic Hours & 500 Classes
• More than 15000 Academic Questions
• More than 100 Testing Hours

Financial Benefits*
• Up to Rs. 35000+ Saving on 1 Year Course Fee
• 50% Concession on Admission Form Fee
• Up to 90% Scholarship on Course Fee
*T & C Apply

Total No. of selections
JEE (Adv) 2017
6241
Classroom: 4095
DLP + eLP: 2146
NEET 2017
2975
Classroom: 1724
DLP + eLP: 1251

ResoFast Test Dates
21st JAN 2018 &
4th FEB 2018

Reso FAST®
Be FAST to be the FIRST
ADMISSIONS OPEN FOR 2018-19
Classes: VIII to XII
Target: JEE (Main+Advanced)
JEE (Main) | AIIMS/ NEET
Pre-foundation

Resonance Eduventures Limited - JABALPUR STUDY CENTRE
1283, Beside IDBI Bank, Near Manas Bhawan, Wright Town, Jabalpur (MP) | Tel No.: 07446655111 | Mob.: 7024128010/ 11/ 12
Email: Jabalpur@resonance.ac.in

Registered & Corporate Office: CG Tower, A-46 & 52, IPIA, Near City Mall, Jhalawar Road, Kota (Raj.) - 324005
Tel.: 0744-3012100, 3012222, 6635555
CIN: U80302RJ2007PLC024029
Toll Free: 1800 258 5555 | To know more: sms RESO at 56677
www.resonance.ac.in | e-mail: contact@resonance.ac.in